प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 06.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा देवघर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। उन्होंने देवघर में पार्टी के नये कार्यालय भवन का उदघाटन भी किया। श्री नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से गुमला में भी पार्टी के नये कार्यालय का शुभारंभ किया। साथ ही देवीपुर स्थित एम्स में आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया –

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में रांची सिविल कोर्ट के एमपी/एमएलए कोर्ट में उपस्थित हुए. न्यायिक कार्यवाही में शामिल होने के बाद उन्हें अगली तारीख पर उपस्थित होने से छूट मिल गई। अब वह अगली सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल हो सकते हैं।

हाईकोर्ट ने पिछले दिनों उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें एमपी/एमएलए कोर्ट में बेल बांड जमा करने का निर्देश दिया था. हाईकोर्ट के इसी आदेश के आलोक में मुख्यंत्री एमपी/एमएलए कोर्ट में उपस्थित हुए।

****

नागर विमानन मंत्रालय यात्रियों को किसी भी प्रकार के ज्यादा किराये से बचाने के लिए सभी प्रभावित मार्गों पर उचित और सही किराया सुनिश्चित करने लिए काम कर रहा है। कुछ एयरलाइनों द्वारा बहुत अधिक हवाई किराए वसूले जाने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मंत्रालय ने सभी एयरलाइनों को निर्देश जारी कर अब निर्धारित किराया सीमा का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया है। ये सीमाएँ तब तक लागू रहेंगी जब तक स्थिति पूरी तरह से सामान्य नहीं हो जाती हैं। इसका उद्देश्य बाजार में मूल्य निर्धारण अनुशासन बनाए रखना है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों तथा रोगियों सहित तत्काल यात्रा करने वाले प्रभावित यात्रियों के शोषण को रोकना है।

****

झारखंड में लंबित छात्रवृत्ति भुगतान की मांग को लेकर रांची में डीएसपीएमयू के छात्रों ने आदिवासी छात्र संघ के नेतृत्व में छात्रवृति मांग को लेकर पैदल मार्च निकाला। यह मार्च विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से कल्याण विभाग तक निकाला गया. छात्रों का कहना है कि जब तक छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

****

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सरायकेला खरसावां जिले में नए लाभुकों का गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर शुरू कर दी गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

पाकुड़ में कोल कंपनी के एक अधिकारी से रंगदारी मांगे जाने को लेकर अमड़ापाड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस उस मोबाइल नंबर का ट्रेस कर रही है जिस नंबर से रंगदारी की मांग की गयी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मिली शिकायत पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। एसडीपीओ ने कहा इस मामले में अबतक कोई गिरफ़्तारी नहीं हुई है।

****

पुलिस ने मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र में अवैध लॉटरी बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 250 लॉटरी टिकटके साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त लॉटरी टिकटों की अनुमानित कीमत 5 से 7 हजार रुपये बताई जा रही है।

****

रांची के पंडरा बाजार समिति के बनहौरा रोड स्थित तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पंडरा ओपी पुलिस प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दीवार तोड़कर चोरी की गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

****

18वीं स्नूकर और पुल चैंपियनशिप 17 से 21 दिसंबर तक रांची के बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में आयोजित किया जायेगा। चैंपियनशिप में बिलियड्र्स और मास्टर स्नूकर से संबंधित कई इवेंट होंगे। चैंपियनशिप में झारखंड के अलावा बिहार और ओडिसा के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे।

****